Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to establish a technologically advanced Rail Coach factories in Ahmadnagar.

डॉ. सुजय विखे पाटील (अहमदनगर) : सभापति महोदय, आपका धन्यवाद कि आपने मुझे शून्यकाल में बोलने की अनुमति दी ।

सर, हमारी सरकार ने वर्ष 2014 से रेलवे के क्षेत्र में बहुत उत्कृष्ट कार्य किया है । …(व्यवधान) बजट में भी माननीय वित्त मंत्री जी ने अगले तीन वर्षों में 400 वंदे भारत ट्रेन्स का निर्माण और संचालन की भी घोषणा की है । हमारा लक्ष्य वर्ष 2022 तक 100 प्रतिशत indigenous manufacturing of rail coaches का है । वर्तमान में भारत में सिर्फ तीन रेल कोच फैक्ट्रीज़ हैं । महाराष्ट्र के लातूर में एक कोच फैक्ट्री हमारी सरकार ने शुरू की है, लेकिन वहां सिर्फ लोकल ट्रेन्स और ईएमयू ट्रेन्स की मैनुफैक्चरिंग होती है ।

हमारे देश में रेलवे के इन्फ्रास्ट्रक्चर ऑफ मॉर्डन ट्रेन्स में विस्टाडोम, वंदे भारत, तेजस और भविष्य में बुलेट ट्रेन्स शामिल हैं । इनकी डिमांड्स को देखते हुए नया मॉडल इन्फ्रास्ट्रक्चर और टैक्नोलॉजिकली एड्वांस्ड रेल कोच फैक्ट्रीज़ की आवश्यकता है । मेरा सरकार से यह निवेदन है कि प्रधान मंत्री जी के मेक इन इंडिया के लक्ष्य को सार्थक करने के लिए मेरे लोक सभा क्षेत्र अहमदनगर में एक स्टेट ऑफ आर्ट रेल कोच का निर्माण हो, जिससे अहमदनगर और पूरे महाराष्ट्र में रोजगार के अवसर बढ़ें और अर्थव्यवस्था को भी फायदा हो और भारतीय रेल की इंडनाईजेशन प्रक्रिया को और बूस्ट किया जा सके । धन्यवाद ।